
ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार की मौत

शंकरगढ़ के बढैया मोड़ पर हुई घटना



मृतक आनंद कुमार सिंह की फाइल फोटो।

शंकरगढ़ (प्रयागराज)। थाना क्षेत्र रानीगंज-बढ़ैया मोड़ के पास ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार व्यक्ति की मौत हो गयी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। इस घटना से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के बढ़ैया गांव निवासी आनंद कुमार सिंह उम्र ४५ पुत्र इंद्र भान सिंह शुक्रवार को बाइक से दूध लेकर टण्डन वन डेरी पर जा रहे थे। नारीबारी की ओर से तेज गति से भूसा लादकर आ रहे ट्रैक्टर ने नहर मोड़ पर बाइक सवार को जोरदार टक्कर मारी। जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गये थे। घटना की सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे और उन्हें लहूलुहान हालत में स्वास्थ्य केंद्र ले गये। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। थानाध्यक्ष प्रीतम कुमार तिवारी ने बताया कि ट्रैक्टर को पकड़ लिया गया है। आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। दर्दनाक घटना से परिवार में कोहराम मच गया। पत्नी का रो रोकर बुरा हाल है। इनकी तीन बेटियां तथा एक बेटा है। बताया जाता है कि आनन्द कुमार सिंह के छोटे भाई मिलन सिंह टंडन वन गांव में डेरी फार्म चलाते हैं। आनंद सिंह रोज की तरह वही दूध पहुंचाने जा रहे थे। थाना क्षेत्र में अवैध रूप से चल रहे ट्रैक्टरों से आये दिन दुर्घटनाएं हो रही है। जिससे नागरिकों में आक्रोश व्याप्त है। विगत बुधवार को नगर पंचायत शंकरगढ़ के पटहट रोड पर ट्रैक्टर के दबाने से महिला की मौत हो गयी थी। बांदा राजमार्ग पर तो आएये दिन घटनाएं होती रहती हैं।



जिला उद्योग बन्धु समिति की बैठक को संबोधित करते जिलाधिकारी।

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला उद्योग बंधु समिति की बैठक सम्पन्न

अधिकारियों को उद्यमियों की समस्याओं का शीघ्रता से निस्तारण का दिया निर्देश

नैनी (प्रयागराज)। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में शुक्रवार को मैसर्स शिरडी साईं इलेक्ट्रिक नैनी में जिला उद्योग बन्धु समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जनपद के उद्यमियों की समस्याओं का निस्तारण कराया गया। पांच बिन्दुओं के प्रकरण पर क्षेत्रीय प्रबन्धक, यूपीसीडा द्वारा समिति को अवगत कराया गया कि सड़क निर्माण का कार्य प्रगति पर है। जिलाधिकारी ने पांच प्रकरण में से चार निक्षेपित करने के निर्देश दिये है। उप्र स्टेट यार्न लि० मेजा की भूमि के सम्बन्ध में क्षेत्रीय प्रबन्धक, यूपीसीडा को निर्देश दिये कि उप जिलाधिकारी बारा के कार्यालय से समन्वय कर अगले बैठक से पूर्व इसको पूर्ण कराये। डा. जीएल दरबारी प्रोप्राइटर मे० दरबारी इण्डस्ट्रीज के प्रकरण पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियन्ता बमरौली को निर्देश दिये कि अनावश्यक रूप से हो रही विद्युत ट्रिपिंग की समस्या का समाधान किया जाय। जिलाधिकारी ने मिनी औद्योगिक आस्थान सोरांव में बिजली एवं नाली निर्माण से संबंधित प्रकरण के निस्तरण के लिए संबंधित को निर्देश दिये। मैसर्स श्री शिरडी साईं से संबंधित प्रकरण के निस्तरण हेत संबंधित को निर्देशित किया गया। बैठक में शरद टण्डन, उपायुक्त उद्योग द्वारा जिला अधिकारी का बैठक में स्वागत करते हुए बैठक का संचालन किया गया। बैठक में आरएम यूपीसीडा, जिला अग्रणी बैंक प्रबन्धक, सीओ मैसर्स श्री शिरडी सांई इलेक्ट्रिकल्स एलआई, सहायक आयुक्त उद्योग विद्युत नोडल एवं विद्युत अधिशासी अभियन्ता, आईटीआई प्रधानाचार्य व औद्योगिक संगठन के पदाधिकारी अनिल अग्रवाल, नटवर लाल, मुरारी लाल अग्रवाल, संतोष त्रिपाठी, मनीष केसरवानी, श्रीमती विभा मिश्रा, अजय सिंह गौड़ उद्यमी एवं अन्य विभागों के अधिकारी तथा उद्यमीगण उपस्थित रहे।

छेड़छाड़ का विरोध करने पर युवक पर जानलेवा हमला

तीन नामजद सहित ८-१० अज्ञात पर केस दर्ज

नैनी (प्रयागराज)। औद्योगिक क्षेत्र थाना क्षेत्र के डेरी नेवादा समोगर में दशहरा मेले के दौरान छात्राओं से छेड़छाड़ का विरोध करने पर एक युवक पर लोहे की राड से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर देने का मामला सामने आया है।

इस मामले में पुलिस ने शुक्रवार को तीन नामजद और ८ से १० अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

पीड़ित प्रशांत सिंह निवासी डेरी नेवादा समोगर ने थाने में दी तहरीर में बताया कि वह अपने घर के सामने लगे दशहरा मेले को देख रहा था। उसी दौरान कुछ लड़के लड़कियों के पीछे घूम-घूम कर बदतमीजी कर रहे थे, बगल में जाकर भोंपू बजाते और छेड़छाड़ का प्रयास कर रहे थे।

पीड़ित के अनुसार उसने इसका विरोध किया तो लड़के उसी से गाली-गलौज और मारपीट करने लगे। मौके पर मौजूद लोगों ने बीच-बचाव कर मामला शांत करा दिया।

आरोप है कि कुछ देर बाद जब वह अपने भाई को खोजने मेले में जा रहा था, तो श्रीवास्तव हास्टल के सामने उन्हीं लड़कों ने उसे पकड़ लिया, मारपीट करते हुए हॉस्टल के अंदर घसीटने लगे।

हमलावरों ने उसके सिर पर लोहे की राड से प्रहार किया जिससे उसका सिर फट गया। मारपीट के दौरान आरोपितों ने उसके गाल में दांत से काट लिया जिससे उसका दांत टूट गया और वह खून से लथपथ होकर जमीन पर गिर पड़ा। तहरीर में बताया गया है कि सामने सब्जी बेचने वाला आकाश केशरवानी उसे बचाने आया तो हमलावरों ने उस पर भी राड से हमला कर दिया, जिससे उसके दोनों पैर फ्रैक्चर हो गये।

बाद में कुछ लोगों ने घायल को उसके घर पहुंचाया।

सुबह हास्टल मालिक से जानकारी करने पर आरोपितों की पहचान शिवावीर सिंह, सत्यम यादव और सोनू मौर्या के रूप में हुई, जिनके साथ ८-१० अन्य अज्ञात लड़के भी थे।

पीड़ित की तहरीर के आधार पर औद्योगिक क्षेत्र थाने में आरोपितों के खिलाफ शुक्रवार को मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांचकर कारRवाई की जा रही है।

पति की लंबी आयु के लिए सुहागिनों ने रखा करवाचौथ व्रत

बरगढ़ (चित्रकूट)। करवा चौथ के पर्व को लेकर सुहागिन महिलाओं में उल्लास और उत्साह का माहौल रहा सुहागिन महिलाओं ने पतियों की लंबी उम्र और अच्छे स्वास्थ्य के लिए करवा चौथ का निर्जला व्रत रखकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गुरुवार को सूर्योदय के साथ महिलाओं ने निर्जला व्रत धारण किया सोलह श्रृंगार से सजी महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा धारण कर करवा माता चौथ माता भगवान शिव, माता पार्वती और गणेश एवं कार्तिकेय की पूजा-अर्चना की पूजा के बाद बुजुर्ग महिलाओं ने सुहागिनों को अखंड सौभाग्यवती भव का आशीर्वाद दिया । वहीं देर शाम को चांद निकलने के बाद छलनी से चंद्रदेव और पति का चेहरा देखकर सुहागिनों ने अर्घ्य दिया। इसके बाद पति के हाथ से पानी पीकर सुहागिनों ने व्रत खोला ।

लापता

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है मैं सतीश चन्द्र केसरवानी पुत्र स्व0 शारदा प्रसाद केसरवानी निवासी 139ए/1 झूलेलाल नगर लूकरगंज थाना खुल्दाबाद जनपद प्रयागराज का निवासी हूँ मेरा भाई सुनील केसरवानी उम्र लगभग 50 वर्ष, कद 5 फिट 6 इंच, रंग गोरा, बदामी रंग की कमीज एवं काले रंग की पैन्ट पहने हुआ लगभग नौ वर्षों से लापता है जिसकी सूचना आनलाईन FIR दर्ज है। जानकारी होने पर मेरे मोबाइल नम्बर 8303275454 पर सूचित करें।

मेजामें विवाहितासे मारपीट, पति सहित १४ पर केस दर्ज

मेजारोड (प्रयागराज)। मेजा क्षेत्र में विवाहिता के साथ मारपीट और छेड़छाड़ के आरोप में पुलिस ने पति सहित १४ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। आरोप है कि ससुराल में महिला के साथ मारपीट की गयी। घटना की जानकारी मिलने पर समझौता कराने पहुंचे उसके पिता को भी आरोपितों ने पीट दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। तहरीर के मुताबिक, साधना पुत्री सभाजीत मूल रूप से तिसेन तुलापुर गांव की निवासी हैं। उनकी शादी अप्रैल २०२१ में छतवा गांव के प्रदीप कुमार के साथ हुई थी। आरोप है कि मंगलवार को पति प्रदीप कुमार, सास सरस्वती, देवर सूरज और ननद आंचल ने घर में उनके साथ मारपीट की। इस दौरान सास ने बाल पकड़कर उन्हें जमीन पर पटक दिया। साधना का आरोप है कि वह जान बचाकर कमरे से बाहर भागने लगीं तो देवर सूरज ने उनका ब्लाउज खींच दिया, जिससे वह फट गया। इसके बाद वह किसी तरह वहां से भागकर झाड़ियों में छिप गयी।

सुबह होने पर वह छतवा गांव में रहने वाली अपनी बहन के घर पहुंचीं और पूरी घटना बतायी। बहन ने मायके फोन कर साधना के पिता को घटना की जानकारी दी। इसके बाद पिता और अन्य रिश्तेदार मामले में समझौता कराने के लिए ससुराल पहुंचे। आरोप है कि सास ने अपने भाई दिल बहादुर उर्फ झुन्नू, भतीजे यश सहित आठ अन्य लोगों को पहले से बुला रखा था। वहां पहुंचते ही इन लोगों ने साधना के पिता के साथ मारपीट की, जिससे उन्हें अंदरूनी और बाहरी चोटें आयी। मेजा इंस्पेक्टर धनंजय पांडेय ने बताया कि तहरीर के आधार पर पति सहित १४ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की जांच कर आवश्यक कारRवाई की जा रही है।

बेमौसम बारिश से फसलें हुई तबाह, किसान परेशान

मऊआइमा (प्रयागराज)बेमौसम बारिश और अर्नब तूफान ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया है। शुक्रवार को दिनभर तेज हवाओं और बारिश से खेतों में पानी भर गया, जिससे पककर तैयार धान की फसलें जमीन पर गिर गयी। वहीं खेतों में काटकर रखी गयी फसलें भी बारिश में भीगकर खराब हो गयीं। लगातार प्राकृतिक आपदाओं से किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। मिली जानकारी के अनुसार मऊआइमा विकास खंड क्षेत्र के ग्राम सराय सुल्तान, तेजपुर, नौगिरा, मातपुर, मऊदोस्तपुर, बादीपुर, मसियांव ताल, गंसियारी, सराय बादशाह कुली, महरौंडा और सुलेमपुर आदि सहित क्षेत्र में बड़े पैमाने पर धानों की खेती की जाती है। सैकड़ों गांवों में हजारों एकड़ धान की फसल प्रभावित हुई है। किसानों का कहना है कि सितंबर और अक्टूबर में लगातार हुई बेमौसम बारिश के बाद अब अर्नब तूफान ने उनकी आर्थिक कमर तोड़ दी है। किसान ज्ञानचंद्र, जफर उद्दीन, नरेश पटेल, उत्तम पटेल, शंकरलाल मौर्य और यशवंत मौर्य ने बताया कि कर्ज लेकर खेती की थी, लेकिन बार-बार बारिश और तेज हवाओं ने तैयार फसल बर्बाद कर दी। सब्जी उत्पादक मनोहर पटेल, रामदास और प्यारे लाल मौर्य की मूली, पालक, धनिया, मेथी, गोभी और आलू की फसल को भी नुकसान पहुंचा है। फसल बर्बादी से किसानों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। पीड़ित किसानों ने शासन-प्रशासन से नुकसान का सर्वे कराकर उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है।

मौसम साफ हुआ तो कल से फिर गूंजेगा रामलीला का जयघोष

लगातार दूसरे दिन बारिश के चलते मंचन स्थगित

बरौत (प्रयागराज)। हंडिया तहसील क्षेत्र के सेवा गांव में चल रही रामलीला का मंचन लगातार दूसरे दिन खराब मौसम और बारिश के कारण स्थगित कर दिया गया। दो दिनों तक रामलीला का मंचन न हो पाने से समिति के पदाधिकारियों, कलाकारों और श्रद्धालुओं में मायूसी है। रामलीला कमेटी के डायरेक्टर ओमप्रकाश दुबे ने बताया कि लगातार बारिश के चलते आज का मंचन भी स्थगित करना पड़ा है। दो दिनों तक प्रभु श्रीराम की लीला का मंचन न हो पाना हम सभी के लिए बेहद कष्टदायक है। सभी कलाकार और समिति के सदस्य रामलीला के मंचन को लेकर पूरी तरह तैयार हैं। उन्होंने बताया कि यदि मौसम साफ रहा तो कल से रामलीला का मंचन अपने निर्धारित समय पर पुनः अनवरत रूप से शुरू किया जाएगा। उन्होंने श्रद्धालुओं एवं क्षेत्रवासियों से सहयोग बनाए रखने की अपील की ।

मारपीट कर युवक का मोबाइल छीना, पुलिस ने दर्ज की प्राथमिकी

झूंसी (प्रयागराज)। नरहरपुर क्षेत्र में दो अज्ञात युवकों पर एक युवक के साथ अभद्रता, गाली-गलौज और मारपीट कर मोबाइल फोन छीनने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर झूंसी पुलिस ने अज्ञात आरोपितों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार नरहरपुर चमनगंज निवासी सनी कुमार पुत्र विजय कुमार ने पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया कि बीते १४ अक्तूबर की शाम करीब सात बजे वह रहीमापुर, झूंसी की ओर जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में दो अज्ञात व्यक्तियों ने उसे रोक लिया। आरोप है कि दोनों ने उसके साथ अभद्रता करते हुए अश्लील शब्दों का प्रयोग किया और विरोध करने पर मारपीट शुरू कर दी। इसके बाद आरोपित उसका मोबाइल फोन छीनकर फरार हो गये। पीड़ित के मुताबिक मोबाइल फोन फाइनेंस पर खरीदा गया था। उसने मोबाइल की रसीद और आईएमईआई नंबर भी पुलिस को उपलब्ध कराया है। घटना के बाद उसने १४ अक्टूबर को ही मोबाइल गुम होने की सूचना पुलिस पोर्टल पर दर्ज करायी थी। बाद में पूरी घटना की जानकारी देते हुए झूंसी थाने में प्राथमिकी दर्ज कराने की मांग की। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर अज्ञात आरोपितों के खिलाफ २८ अक्टूबर को प्राथमिकी दर्ज कर ली है। पुलिस मोबाइल फोन की बरामदगी और आरोपितों की पहचान के लिए जांच में जुटी है।

सं. HSM-12/114/2025-HSM/ E-269221

भारत सरकार

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय एचएसएम प्रभाग

विषयः पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के परिसंकटमय पदार्थ प्रबंधन प्रभाग में संविदा आधार पर परामर्शी की नियुक्ति हेतु विज्ञापन।

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली के अंतर्गत परिसंकटमय पदार्थ प्रबंधन (एचएसएम) प्रभाग में संविदा आधार पर वैज्ञानिक परामर्शी ग्रेड-I (ठोस अपशिष्ट प्रबंधन) तथा वैज्ञानिक परामर्शी ग्रेड-II (चक्रीय अर्थव्यवस्था) के पद हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। उक्त पदों के लिए क्रमशः ₹ 90,000/- तथा ₹1,20,000/-प्रतिमाह की समेकित राशि देय होगी। रिक्ति परिपत्र का पूर्ण विवरण पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की वेबसाइट www.moef.nic.in पर 'भर्ती' (Recruitment) लिंक के अंतर्गत उपलब्ध है।

आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि इस विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 21 दिन है।

CBC 13101/11/0014/2627

उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद

सम्पत्ति प्रबन्ध कार्यालय

A-1, आफिस कम शॉपिंग काम्पलेक्स, चन्द्रशेखर आज़ाद नगर योजना, (मेंहदौरी), तेलियरगंज, प्रयागराज

E-Mail:- emoald@upavp.com

पत्र सं0- Mamo/सं0 प्र0 प्रयागराज/ दिनांक- 29-10-2026

मृत्योपरान्त नामान्तरण हेतु नोटिस प्रकाशनार्थ

परिषद की जी0टी0बी0 नगर योजना, करैली, प्रयागराज में स्थित आवासीय भूखण्ड संख्या-646/18 श्रीमती रियाजी बेगम पत्नी स्व0 शफीक अहमद के पक्ष में कार्यालय पत्रांक 516 दिनांक 15.02.2005 द्वारा अन्तरित है। जिसका फ्री होल्ड रजिस्ट्री दिनांक 15.02.2005 को श्रीमती रियाजी बेगम के पक्ष में परिषद द्वारा निष्पादित की गई। आवेदकगण श्री अतीक अहमद, श्री हसीब अहमद, श्री नजीब अहमद एवं श्रीमती नूरूस सबा द्वारा अवगत कराया गया है कि मेरी माता श्रीमती रियाजी बेगम की मृत्यु दिनांक 25.01.2010 को हो चकी है। आवेदकगण द्वारा पारिवारिक सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या-45313900378/ ना0 नाजिर सदर/ दिनांक 23.07.2013 कार्यालय तहसीलदार सदर जिला- प्रयागराज द्वारा निर्गत पारिवारिक सदस्यता प्रमाण पत्र के आधार यह अनुरोध किया है कि उक्त भवन का नामान्तरण हमारे नाम संयुक्त रूप से कर दिया जाये। उक्त भवन का नामान्तरण करने में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो इसकी लिखित सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिनों के अन्दर साक्ष्य सहित कार्यालय में आपत्ति दाखिल करने का कष्ट करें। निर्धारित अवधि के अन्दर आपत्ति प्राप्त न होने की दशा में उक्त सम्पत्ति का नामान्तरण मृतक के पुत्रगण/पुत्री श्री अतीक अहमद, श्री हसीब अहमद, श्री नजीब अहमद एवं श्रीमती नूरूस सबा (संयुक्त) के पक्ष में पारिवारिक सदस्यता प्रमाण पत्र के आधार पर कर दिया जायेगा, तत्पश्चात् किसी का दावा मान्य नहीं होगा।

अन्तरण के उपरान्त यदि कोई वाद विवाद उत्पन्न होता है तो इसके लिए परिषद उत्तरदायी नहीं होगी। अन्तरण हेतु श्री अतीक अहमद, श्री हसीब अहमद, श्री नजीब अहमद एवं श्रीमती नूरूस सबा (संयुक्त) ही उत्तरदायी होंगे।

(नरेश कुमार)
सम्पत्ति प्रबन्धक

आवश्यक सूचना

रेल प्रशासन द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित रेलगाड़ियों को सुपरफास्ट से नॉन-सुपरफास्ट श्रेणी में परिवर्तित करने का निर्णय लिया गया है। यह परिवर्तन दिनांक 01.01.2027 से निम्नलिखित विवरण के अनुसार लागू होगाः-

गाड़ी संख्या	गाड़ी का नाम	संशोधित गाड़ी संख्या	स्टेशन से	स्टेशन तक
22177	छत्रपति शिवाजी महाराज (ट.)-बनारस महानगरी सुपरफास्ट एक्सप्रेस	11093	छत्रपति शिवाजी महाराज (ट.)	बनारस
22178	बनारस-छत्रपति शिवाजी महाराज (ट.) महानगरी सुपरफास्ट एक्सप्रेस	11094	बनारस	छत्रपति शिवाजी महाराज (ट.)
22129	लोकमान्य तिलक (ट.)-अयोध्या कैंट तुलसी सुपरफास्ट एक्सप्रेस	11065	लोकमान्य तिलक (ट.)	अयोध्या कैंट
22130	अयोध्या कैंट-लोकमान्य तिलक (ट.) कैंट तुलसी सुपरफास्ट एक्सप्रेस	11066	अयोध्या कैंट	लोकमान्य तिलक (ट.)
12167	लोकमान्य तिलक (ट.)-बनारस सुपरफास्ट एक्सप्रेस	11067	लोकमान्य तिलक (ट.)	बनारस
12168	बनारस-लोकमान्य तिलक (ट.) सुपरफास्ट एक्सप्रेस	11068	बनारस	लोकमान्य तिलक (ट.)

नोटः- ट्रेनों से सम्बंधित जानकारी हेतु हेल्पलाइन 139 या Rail Madad Mobile App या वेबसाइट railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे

@CPRONCR North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in 2471/26(A)

आजका मुहूर्त

दिनांक- ३१ अक्तूबर २०२६

सम्वत्- २०८३ तुला राशिस्थ सूर्य दक्षिणायन

ऋतु- शरद

मास- कार्तिक कृष्ण पक्ष

तिथि- षष्ठी रात्रि ०९.२५ तक उपरान्त सप्तमी।

वार- शनिवार।

नक्षत्र- आर्द्रा दिन में १२.१५ तक उपरान्त पुनर्वसु।

योग- सिद्धरात्रि ११.०४ तक उपरान्त साध्य।

राशि- मिथुन रात्रि शेष ०५.०१ तक उपरान्त कर्क।

सूर्योदय- ०६.२७ बजे

सूर्यास्त- ०५.३३ बजे

राहुकाल- प्रातःकाल ०९ बजे से १०.३० तक।

भद्रा- रात्रि ०९.२५ के उपरान्त प्रारम्भ।

मुहूर्त- शनिवार को दिन में १२.१५ तक शस्त्र निर्माण एवं उग्र कर्माचरण का मुहूर्त है तथा बेद में कृष्ण वस्त्र धारण का मुहूर्त है।

विशेष- प्रातःकाल ०९.३५ पर शुक्र बालत्व दोष निवृत्ति।

ट्रक चालक पर टक्कर मारकर जान से मारने के प्रयास का आरोप

नैनी (प्रयागराज)। औद्योगिक क्षेत्र थाना अंतर्गत यूनाइटेड कालेज के सामने ट्रक चालक द्वारा कार सवार परिवार को जानबूझकर टक्कर मारने के प्रयास का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने ट्रक मालिक और चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित संघर्ष गौतम पुत्र विनोद कुमार निवासी औता, मेजा ने थाने में दी तहरीर में बताया कि वह गुरुवार रात करीब ८.३२ बजे अपनी गाड़ी से प्रयागराज शहर से अपने परिवार जिसमें उनकी माता, पत्नी और दो महीने के बच्चे के साथ घर जा रहे थे। आरोप है कि उसी दौरान औद्योगिक थाना क्षेत्र में यूनाइटेड कालेज के सामने ट्रक के चालक ने जानबूझकर उनकी गाड़ीको टक्कर मारनेका प्रयास किया। पीड़ित के अनुसार उस समय वह अपनी गाड़ी बहुत धीमी गति से चला रहे थे, जिससे उनकी और परिवारकी जानको गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया।

तहरीर में कहा गया है कि टक्कर मारने के बाद ट्रक चालक मौके से भाग गया। कुछ ही मिनट बाद कुछ अज्ञात लोग अलग-अलग मोटरसाइकिल और कार से गलत इरादे से घटना स्थल पर आये, लेकिन पुलिस के पहुंचते ही वे भी भाग गये। पीड़ित ने आरोप लगाया कि ट्रक चालक मौके पर घात लगाकर खड़ा था और जान लेने की नीयत से टक्कर मारी। उन्हें आशंका है कि भविष्य में भी ट्रक मालिक और मौके पर आए अज्ञात लोगों द्वारा उनके परिवार के साथ कोई घटना करायी जा सकती है। तहरीर के आधार पर औद्योगिक क्षेत्र थाने में ट्रक के मालिक और मौके पर आये अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गयी है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

दहेज के लिए हुई थी विवाहिता की हत्या, पति सहित पांच नामजद

भारतगंज (प्रयागराज)। बाइक और एक लाख रुपए नकद की मांग को लेकर विवाहिता को मारकर पंखे से लटकाने के आरोप में पति सहित पांच ससुरालियों के खिलाफ विवाहिता के पिता की तहरीर पर दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मिली जानकारी के अनुसार मिर्जापुर जनपद के पक्का पोखरा मोहल्ला निवासी बुद्धू चौहान पुत्र डंगर चौहान ने मांडा थाने में तहरीर दी कि उसने दो साल पहले अपनी बेटी सुनीता चौहान २५ वर्ष की शादी हिंदू रीति रिवाज से मांडा थाना क्षेत्र के भारतगंज चौकी अंतर्गत महुआरीखुर्द गांव निवासी सुजीत कुमार चौहान के साथ की थी। शादी के बाद से ही पति सुजीत कुमार, सास कोकिला चौहान, ननद माला, देवर अमन व पति सुभाषचंद्र अतिरिक्त दहेज में बाइक और एक लाख रुपए नकद के लिए सुनीता को प्रताड़ित और परेशान करते थे। सुनीता ने मायके पक्ष के लोगों से दहेज उत्पीड़न की बात बतायी भी थी। गुरुवार को सुबह लगभग दस बजे पति सहित पांचों आरोपियों ने सुनीता को मारकर पंखे से लटका दिया। विवाहिता के पिता के तहरीर पर पांचों आरोपितों के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। दर्ज मुकदमे की विवेचना एसीपी मेजा को सौंपी गयी है।



कोरांव बार एसोसिएशन चुनाव में जीते अध्यक्ष और मन्त्री।

अधिवक्ता संघ कोरांव के चुनाव में विजय-अध्यक्ष, राजू बने मंत्री

कोरांव(प्रयागराज)। अधिवक्ता संघ कोरांव के चुनाव में सहानुभूति की सुनामी देखने को मिली। मतदाता अधिवक्ताओं ने एक तरफ जहां बीते चार चुनाव में हार को गले लगाने वाले विजय शंकर मिश्र के सिर पर अध्यक्ष का ताज रखा तो वहीं मंत्री पद के लिए बीते दो चुनावों में पराजय का मुंह देखने वाले राजू उर्फ योगेंद्र नाथ द्विवेदी को विजयी बनाया।

बता दें कि शुक्रवार को कोरांव बार एसोसिएशन का मतदान होने के बाद देर शाम परिणाम घोषित किया गया। बार एसोसिएशन कोरांव के मतदान के लिए ५४३ मतदाताओं में से ५०५ अधिवक्ताओं ने निर्धारित समय शाम पांच बजे तक मतदान मे भाग लिया। इसमे अध्यक्ष पद के लिए उमाकांत तिवारी को ८६ मत, विजय शंकर मिश्र को २२० मत, धर्मेंद्र कुमार सिंह को १०२ मत, दिनेश कुमार सिंह को ०४ मत तथा ललन कुमार तिवारी को ८८ मत मिले। इस तरह विजयी अध्यक्ष पद प्रत्याशी विजय शंकर मिश्र ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी धर्मेंद्र सिंह को १३२ मतों से हराकर विजय श्री का वरण किया।

मन्त्री पद के लिए योगेन्द्र नाथ द्विवेदी उर्फ राजू दुबे को ३४० मत तथा उनके प्रतिद्वंदी त्रिवेणी प्रसाद यादव को १५६ मत प्राप्त हुआ। इस प्रकार राजू द्विवेदी ने १८४ मतों से शानदार जीत हासिल की।जबकि वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर बालेश्वरी प्रसाद सिंह को २९१ मत और बब्बन उर्फ श्यामाकांत तिवारी को २०३मत मिले।

आवश्यक सूचना

रेल प्रशासन द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रयागराज मण्डल के कानपुर अनवरगंज स्टेशन पर इलेक्ट्रानिक इंटरलाकिंग प्रणाली की कमीशनिंग हेतु किये जा रहे कार्य के कारण निम्नलिखित रेलगाड़ियों का आंशिक निरस्तीकरण/ओरिजिनेशन, री-शेड्यूलिंग एवं रेग्युलेशन करने का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत् है :-

रेलगाड़ियों का आंशिक निरस्तीकरण/ओरिजिनेशन

गाड़ी सं.	स्टेशन से स्टेशन तक	आवृत्ति	आंशिक निरस्तीकरण/ओरिजिनेशन	प्रारम्भिक स्टेशन से प्रभावी तिथि
64607	वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी-कानपुर सेंट्रल	प्रतिदिन	गोविन्दपुरी	31.10.26 एवं 02.11.26 से 04.11.26
55348	फरीदाबाद - कानपुर अनवरगंज	प्रतिदिन	रावतपुर	31.10.26 एवं 02.11.26 से 03.11.26
15037	कानपुर अनवरगंज-कासगंज	प्रतिदिन	रावतपुर	
15004	गोरखपुर - कानपुर अनवरगंज	प्रतिदिन	कानपुर सेंट्रल	03.11.26
15003	कानपुर अनवरगंज-गोरखपुर	प्रतिदिन	कानपुर सेंट्रल	04.11.26

रेलगाड़ियों की रि-शेड्यूलिंग

गाड़ी सं.	स्टेशन से स्टेशन तक	आवृत्ति	रि-शेड्यूलिंग	प्रारम्भिक स्टेशन से प्रभावी तिथि
64646	कानपुर सेंट्रल - खजुराहो	प्रतिदिन	50 मिनट	31.10.26 एवं 02.11.26 से 03.11.26
			90 मिनट	04.11.26
54155	कानपुर सेंट्रल - कानपुर अनवरगंज	प्रतिदिन	90 मिनट	31.10.26 एवं 02.11.26 से 03.11.26
			180 मिनट	04.11.26
12535	लखनऊ - रायपुर	सप्ताह में दो दिन	60 मिनट	02.11.26
12003	लखनऊ - नई दिल्ली	प्रतिदिन	40 मिनट	04.11.26
15084	फ़र्रुखाबाद - कानपुर अनवरगंज	प्रतिदिन	60 मिनट	04.11.26

रेलगाड़ियों का रेग्युलेशन

गाड़ी सं.	कहाँ से कहाँ तक	आवृत्ति	रेग्युलेशन	प्रारम्भिक स्टेशन से प्रभावी तिथि
12875	पुरी-आनन्द विहार टर्मिनल	सप्ताह में तीन दिन	लखनऊ-कानपुर सेंट्रल के मध्य 75 मिनट	30.10.2026, 01.11.2026
			लखनऊ-कानपुर सेंट्रल के मध्य 120 मिनट	03.11.2026
11080	गोरखपुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनल	साप्ताहिक	लखनऊ - कानपुर सेंट्रल के मध्य 50 मिनट	31.10.2026
15065	गोरखपुर-पनवेल	सप्ताह में पाँच दिन	लखनऊ - कानपुर सेंट्रल के मध्य 50 मिनट	02.11.2026, 03.11.2026
19615	उदयपुर सिटी-कामाख्या	साप्ताहिक	फ़र्रुखाबाद - रावतपुर के मध्य 40 मिनट	02.11.2026
15067	गोरखपुर-बान्द्रा टर्मिनस	साप्ताहिक	लखनऊ - कानपुर सेंट्रल के मध्य 80 मिनट	04.11.2026
12179	लखनऊ-आगरा कैंट	प्रतिदिन	उन्नाव-कानपुर सेंट्रल के मध्य 30 मिनट	04.11.2026
22466	आनन्द विहार टर्मिनल -मधुपुर	साप्ताहिक	पनकीधाम पर 20 मिनट	04.11.2026
14124	चित्रकूटधाम कर्वी -माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़	प्रतिदिन	कानपुर सेंट्रल पर 15 मिनट	04.11.2026
15038	कासगंज-कानपुर अनवरगंज	प्रतिदिन	पूर्वोत्तर रेलवे पर 15 मिनट	04.11.2026
14117	प्रयागराज-भिवानी	प्रतिदिन	कानपुर सेंट्रल पर 15 मिनट	04.11.2026
64174	ब्रह्मावर्त-कानपुर सेंट्रल	प्रतिदिन	पूर्वोत्तर रेलवे पर 20 मिनट	04.11.2026

नोट : ट्रेनों की समय-सारणी से सम्बन्धित जानकारी हेतु हेल्पलाईन 139 या Rail Madad Mobile App या वेबसाइट www.railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR 2490/26(AS)

दिल्ली प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय

DELHI TECHNOLOGICAL UNIVERSITY

Established by Govt. of NCT of Delhi vide Act 6 2009
(Formerly Delhi College of Engineering)
Shahbad Daulatpur, Bawana Road, Delhi- 110042

F.DTU/Rectt./Assistant Prof./2026/F-1018/5603 — Dated: 22/10/2026

Advertisement Notice No. 04/2026

RECRUITMENT FOR THE POSTS OF ASSISTANT PROFESSOR INCLUDING BACKLOG VACANCIES WITH SPECIAL DRIVE FOR PwBD CATEGORY

Opening Date & Time for Submission of Online Applications: - **23rd October, 2026 from 11:00 AM onwards**
Closing Date & Time for Submission of Online Applications: - **07th December, 2026 till 05:00 PM**

Delhi Technological University is a teaching-cum-research University committed to foster excellence in education, research, technology incubation, product innovation, outreach and extension activities in Engineering, Management, and Applied Sciences. The University invites applications from the talented individuals to fill up the posts of Assistant Professor on direct mode of recruitment. The details of the vacancy position are as given below:

S. No.	Discipline	UR	SC	ST	OBC	EWS	Total Vacant posts	PwBD*
A	B	C	D	E	F	G	H	I
1.	Applied Chemistry	0	1	0	3	0	4	0
2.	Chemical Engineering	1	0	1	2	0	4	0
3.	Applied Mathematics	4	1	0	3	3	11	1
4.	Mathematics & Computing	1	0	0	1	0	2	0
5.	Applied Physics	7	2	2	3	1	15	1
6.	Engineering Physics	1	2	0	6	2	11	1
7.	Automobile Engineering	6	1	1	2	2	12	1
8.	Civil Engineering	7	2	2	6	3	20	2
9.	Management (DSM)	0	3	2	3	2	10	1
10.	Electronics & Communication Engineering	1	1	0	1	1	4	0
11.	Electrical Engineering	2	1	1	2	2	8	0
12.	Environmental Science & Engineering	3	1	0	2	0	6	1
13.	Humanities (Economics)	1	1	1	2	0	5	0
14.	Humanities (English)	1	0	1	1	0	3	0
15.	Production Engineering	9	3	1	5	2	20	2
16.	Mechanical Engineering	2	4	1	9	2	18	2
17.	Information Technology	1	1	1	6	0	9	1
18.	Software Engineering	2	0	0	1	0	3	0
19.	Computer Science & Engineering	7	1	6	16	6	36	3
20.	Economics (USME)	0	0	0	1	0	1	0
21.	Design	2	0	0	1	0	3	0
22.	Biotechnology	1	1	0	2	2	6	1
23.	Geospatial Science#	0	0	1	0	1	2	0
24.	Geospatial Technology#	3	1	0	2	0	6	0
	Total	**62**	**27**	**21**	**80**	**29**	**219**	**17**

* For applicable Benchmark Disability for these posts, reference be made to the detailed advertisement available at the university website i.e. www.dtu.ac.in.

The regularisation of incumbents against these posts shall be after the application for creation, approval and sanction of these posts, as at present these posts have been borrowed from the sanctioned posts of other disciplines.

The above-mentioned vacancies are provisional and can be varied as per the requirement of the University.

For the detailed advertisement candidates are required to visit the university website i.e. www.dtu.ac.in. The interested candidates are required to fill up the application form through ONLINE mode only available at University website www.dtu.ac.in. Candidates are required to retain a copy of printout of the application form. All further communications related to recruitment will be displayed on the university website from time to time. In this regard, no personal communication will be entertained.

Registrar